एयरपे-ई मित्र प्लेटफॉर्म पर लेनदेन बढ़ा

जयपुर। वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म एयरपे पेमेंट सर्विसेस ने ई-मित्र के साथ मिलकर 15 लाख से ज्यादा लेनदेन की उपलब्धि हासिल की है। कंपनी अप्रैल 2020 में ई-मित्र प्लेटफॉर्म से जुड़ी थी। कंपनी ने राज्य के 100 से ज्यादा विभागों को ई-मित्र प्लेटफॉर्म से जोड़ने में सक्षम बनाया और पेमेंट गेटवे सेवा दे रही है। कंपनी के एमडी कुणाल झुनझुनवाला ने कहा कि इस पहल के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ई-मित्र काउंटर या कियोस्क स्थापित किए गए हैं। आईटी एवं संचार विभाग के आयुक्त संदेश नायक ने बताया कि एयरपे ने पेमेंट ट्रांसफर को आसान बनाया है।

Dainik Bhaskar Pg 13
24/6/22